मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 14452/66/2018/चयन इन्दौर दिनांक 12 DEC 2018

विज्ञप्ति

राज्य सेवा परीक्षा–2018 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 05/2017/12.12.2017 मध्य प्रदेश शासन, के अंतर्गत राज्य सेवा परीक्षा– 2018 के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन ज़ारी किया गया है। मुख्य परीक्षा का चयन परिणाम दिनांक 06.12.2018 को घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में अर्ह आवेदकों से वांछित अभिलेख दिनांक 20.12.2018 तक आयोग को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

02/ राज्य सेवा परीक्षा–2018 के साक्षात्कार 31.12.2018 से आयोजित किये ज़ाना हैं । लिखित परीक्षा में अर्ह समस्त आवेदकों को साक्षात्कार पत्र दिनांक 17.12.2018 से आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्शाए गए ई–मेल एड्रेस पर जारी किये जायेंगे एवं आयोग की वेबसाईड www.mppsc.nic.in & www.mppscdemo.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

03/ अभ्यर्थी द्वारा अग्रमान्यता पत्रक को भी निर्धारित समय के पूर्व ऑनलाईन भर लिया जाए।

04/ **साक्षात्कार में उपस्थित होने के पूर्व आवेदक अपनी अर्हता की सूक्ष्मता से जॉच कर ले कि विज्ञापन में दर्शाई गयी समस्त अर्हताओं की पूर्ति/पूर्ण करता है । साक्षात्कार में आमंत्रित किये जाने का यह आशय नही है, कि आपकों साक्षात्कार हेतु अर्ह मान लिया गया है । साक्षात्कार दिवस को अथवा साक्षात्कार पश्चात् भी जॉच उपरांत यदि यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दर्शायी गयी अर्हता को पूर्ण नही करते है तो आपकी उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी ।**

05/ साक्षात्कार दिवस कों आवेदक समस्त मूल अभिलेख तथा उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों (02 सेट) के साथ निर्धारित क्रम अनुसार जमाकर उपस्थित होंवें। लिखित परीक्षा में अर्ह आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 20.12.2018 के पूर्व ही वांछित अभिलेख मुख्य परीक्षा के परिणाम जारी करते समय दिए हुए निर्देशानुसार आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

12/12/18

उप परीक्षा नियंत्रक